Fulton माता-पिता/अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना: 2025-2026 स्कूल वर्ष के लिए कैनवस तक एक्सेस


हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि Fulton स्कूलों की शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, कैनवस तक माता-पिता और अभिभावकों के एक्सेस के लिए एक नया और सरल तरीका शुरू किया जा रहा है। 2025-2026 स्कूल वर्ष के लिए, आपका कैनवस पैरेंट अकाउंट सीधे इनफिनिट कैंपस में उपलब्ध आपकी जानकारी से जोड़ा जाएगा। इस बदलाव से अकाउंट बनाने की प्रक्रिया सरल हो जाएगी और आप अपने बच्चे की शैक्षणिक प्रगति की निरंतर जानकारी प्राप्त करते रहेंगे।

इसका आपके लिए क्या अर्थ है?

आइए देखें कि यह नई प्रक्रिया आपके कैनवस एक्सेस को कैसे प्रभावित कर सकती है:

1. **यदि आपने पहले पेयरिंग कोड का उपयोग करके कैनवस अकाउंट बनाया था और *उसी ईमेल पते* का इस्तेमाल किया था जो इनफिनिट कैंपस में दर्ज है:**
   - **तो आपको कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है!** आप पहले की तरह ही कैनवस में लॉग इन करते रहेंगे जैसे आप हमेशा करते आये हैं। आपका मौजूदा खाता आपकी इनफिनिट कैंपस की जानकारी के आधार पर अपने आप आपके बच्चे/बच्चों से जुड़ जाएगा।

2. **अगर आपने पहले एक पेयरिंग कोड के माध्यम से एक कैनवस अकाउंट बनाया था लेकिन उसमें उस ईमेल पते का इस्तेमाल नहीं किया था जो इनफिनिट कैंपस में दर्ज है, या अगर आपने पहले कभी भी कैनवस अकाउंट सेटअप नहीं किया है:**
   - **तो आपके लिए डिस्ट्रिक्ट द्वारा एक नया अकाउंट बनाया जाएगा।** आपको Fulton स्कूल कैनवस (notifications@instructure.com) की तरफ से एक ईमेल प्राप्त होगा जिसमें आपको सूचित किया जाएगा कि कैनवस अकाउंट बनाने के लिए आपको रजिस्टर कर लिया गया है। आप इस ईमेल के जरिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।
   - **अगर आपने पहले ऐसा कैनवस अकाउंट बनाया था** जिसमें उस ईमेल पते का इस्तेमाल किया गया था जो इनफिनिट कैंपस में दर्ज नहीं है, तो वह अकाउंट हटा दिया जाएगा और आपको डिस्ट्रिक्ट द्वारा बनाए गए नए अकाउंट का ही इस्तेमाल करना होगा।




यदि आपको ईमेल न मिले तो क्या करें?

अगर आपको कैनवस अकाउंट से जुड़ा कोई ईमेल नहीं मिलता है, तो संभवतः वर्तमान में इनफिनिट कैंपस में आपका कोई ईमेल पता दर्ज नहीं है। अगर आपके ईमेल में कोई गलती है या आपने कोई ईमेल नहीं दिया है, तो कृपया टेक्नोलॉजी सपोर्ट सेंटर से 470-254-4357 पर संपर्क करें। जब आपका इनफिनिट कैंपस अकाउंट ईमेल पते के साथ अपडेट हो जाता है, तो उसके कुछ देर बाद आपका कैनवस पैरेंट अकाउंट बना दिया जाता है।

कैनवस को कैसे एक्सेस करें:

आपका अकाउंट एक्टिवेट हो जाने के बाद निम्नांकित तरीके से आप कैनवस को एक्सेस कर सकते हैं:

- वेबसाइट पर जाएँ: **fultonschools.instructure.com**
- "पैरेंट लॉगिन" चुनें



इसके अलावा, आप **Canvas Parent App** को डाउनलोड करके उसमें भी लॉगिन कर सकते हैं।

CANVAS PARENT

a. आपके डिवाइस पर डाउनलोड हो जाने के बाद, **मेरा स्कूल खोजें** पर क्लिक करें।
b. **Fulton County** टाइप करें और "**फुल्टन काउंटी स्कूल ऑब्ज़र्वर (फैमिलीज़/गार्डियन)**" को चुनें।"
c. अगली स्क्रीन पर, अपने ईमेल और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें।

यह बदलाव क्यों किया गया है?

यह नई प्रक्रिया माता-पिता और अभिभावकों को कैनवस में अपने बच्चे की पढ़ाई से जुड़ने का एक अधिक प्रभावी और भरोसेमंद तरीका उपलब्ध कराती है। इनफिनिट कैंपस डेटा का इस्तेमाल करके हम **सुरक्षा उपायों** को बेहतर बना रहे हैं

और छात्र सूचना प्रणाली तथा शिक्षण प्रबंधन प्रणाली के बीच **सामंजस्य और स्थिरता** सुनिश्चित कर रहे हैं। यह सहज और सुव्यवस्थित प्रक्रिया आपके लिए अपने बच्चे की शिक्षा से जुड़े रहना और नियमित जानकारी प्राप्त करना आसान बनाती है जिससे आपको मानसिक शांति भी रहेगी।